दिनांकः 28.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य मंत्रिमंडल की आज बैठक प्रस्तावित–कई महत्वपूर्ण फैसले होने की संभावना।
- प्रदेश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आज से जयपुर में–अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर होगा चिंतन।
- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में आयोजित किये जा रहे खेल सप्ताह के तहत विभिन्न खेलों में लोग उत्साह से ले रहे हैं भाग।
- पैरालम्पिक गेम्स 2024 आज से पेरिस में–भारत के 84 खिलाड़ियों के दल में राजस्थान के नौ खिलाड़ी शामिल।

.....................

राज्य मंत्रिमंडल की आज जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बैठक होगी। बैठक में कई जरूरी फैसले होने की संभावना है। बजट क्रियान्वयन की समीक्षा भी होगी। प्रदेश में हुई बारिश से हुए नुकसान का भी आकलन किया जाएगा। राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट पर चर्चा के साथ ही उद्योग, मेडिकल ट्यूरिज्म सहित कुछ नीतियों को मंजूरी मिलने की संभावना है। बैठक में यूनिफाइड पेंशन स्कीम–यूपीएस के अलावा स्थानान्तरण पर से प्रतिबंध हटाने पर भी चर्चा के आसार हैं।

.....................

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े आज से बीकानेर जिले के दो दिन के दौरे पर रहेंगे। राज्यपाल हवाई मार्ग से सांचू हेलीपेड पहुंचेंगे। वे सांचू बोर्डर पोस्ट का निरीक्षण कर सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ संवाद करेंगे। इसके बाद राज्यपाल आंतरिक सुरक्षा संबंधी बैठक लेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.....................

प्रदेश के शीर्ष पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन आज से जयपुर में शुरू हो रहा है। अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और जनसुरक्षा से जुड़े सरोकारों पर आयोजित हो रहा ये सम्मेलन दो दिन चलेगा। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इसका शुभारंभ करेंगे। 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस–द वे फॉरवर्ड' विषय पर आयोजित इस सम्मेलन गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, मुख्य सचिव सुधांश पंत और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार सहित राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे।
पुलिस महानिदेशक ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में राज्य में बेहतर पुलिसिंग पर केन्द्रित मुद्दों पर राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और विषय विशेषज्ञ अलग–अलग सत्रों में अपना प्रस्तुतीकरण देंगे।

.....................

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय कार्यबल–एनटीएफ चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा के लिए अल्पकालिक उपायों पर चर्चा करने के लिए राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ बैठक करेगा। केन्द्रीय गृह और स्वास्थ्य सचिव वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले, कल नई दिल्ली में कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एनटीएफ की पहली बैठक आयोजित हुई। बैठक में सुरक्षा उपायों सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और कार्यबल के सदस्यों ने अपने सुझाव भी पेश किए। एनटीएफ के सदस्यों ने जानकारी दी कि उन्हें इस संबंध में करीब तीन सौ से चार सौ सुझाव मिले हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर "एनटीएफ" को सुझाव से संबंधित शीर्षक से एक राष्ट्रीय पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर देशभर से विभिन्न भागीदार और लोग अपने व्यक्तिगत सुझाव भेज सकते हैं।

.....................

राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में प्रदेश के विभिन्न जिलों में आयोजित किये जा रहे खेल सप्ताह के तहत कई खेलों में लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। 26 अगस्त से आयोजित किए जा रहे इस सप्ताह में आज कोटपूतली–बहरोड़ में खो–खो, कबडडी, फुटबॉल, क्रिकेट और कुश्ती के मुकाबले होंगे। जालौर में शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम ये मुकाबले हो रहे हैं। पाली में बांगड़ स्टेडियम में परम्परागत खेलों का आयोजन हो रहा है। उधर, सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि दशहरा मैदान स्थित जिला खेलकूद प्रशिक्षण केंद्र पर आज टेनिस बॉल क्रिकेट और रस्साकशी के मुकाबले होंगे।

.....................

पैरालम्पिक गेम्स 2024 आज से पेरिस में शुरू हो रहे हैं। 8 सितम्बर तक चलने वाले इन खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह पैरालंपिक खेलों के इतिहास में भारत का सबसे बड़ा दल है। इनमें राजस्थान के नौ खिलाड़ी शामिल हैं। पैरा एथलीट सुंदर सिंह गुर्जर, संदीप चौधरी, अवनि लेखरा, मोना अग्रवाल, रुद्रांश खंडेलवाल और निहाल सिंह अपना भाग्य आजमाएंगे। इसके अलावा बैडमिंटन खिलाडी कृष्णा नागर, अनिता चौधरी तथा तीरंदाज श्याम सुंदर भी भाग ले रहे हैं। भारत इस बार 22 खेलों में से 12 में प्रतिस्पर्धा करेगा। पैरा साइक्लिंग, पैरा जूडो और पैरा रोइंग में भारतीय एथलीट पहली बार चुनौती देंगे।

.....................

आकाशवाणी के जयपुर केन्द्र की ओर से कल शाम जवाहर कला केन्द्र में देश की आज़ादी को समर्पित स्वाधीनता पर्व संगीत उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सारंगी वादक मोमिन खां ने राग बागेश्री पर आधारित स्वर लहरियां बिखेरीं। प्रख्यात राजस्थानी लोक गायिका सीमा मिश्रा, गायक गौरव जैन और रवींद्र उपाध्याय ने संगत कलाकारों के साथ मेरे वतन को नमन गीत की प्रस्तुति दी। भपंग वादक युसुफ़ खां मेवाती और उनके साथियों ने भपंग के सुरों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके अलावा घूमर नृत्य की भी प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में विभिन्न वाद्य यन्त्रों सितार, सारंगी, गिटार, तबला, पखावज और ढोलक के समागम से प्रस्तुत राष्ट्र आराधना ने जनमन को देश प्रेम की भावना से भर दिया। कार्यक्रम में पद्मश्री उस्ताद मोइनुद्दीन खां और पद्मश्री अहमद हुसैन–मोहम्मद हुसैन भी मौजूद रहे।

.....................

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई। कुछ जगहों पर भारी बरसात दर्ज की गई है। श्रीगंगानगर में देर शाम से शुरू हुआ बारिश का दौर रात तक जारी रहा। कई जगह जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। हनुमानगढ में जमकर बारिश हुई। बारिश के चलते बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई। भरतपुर में पिछले तीन दिन से रुक रुक कर हो रही बरसात के कारण कई जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी हो रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि पांचना बांध से गंभीर नदी में आ रहे पानी के कारण नदी का जल स्तर बढ गया है।

.....................

सवाईमाधोपुर में कल रुक रुक कर बरसात का दौर जारी रहा। जैसलमेर में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई।

.....................